Regarding financial condition of jute growers in West Bengal

श्री यूसुफ पठान (बहरामपुर) **:** महोदय, मैं सरकार का ध्यान पश्चिम बंगाल में जूट श्रमिकों और जूट उद्योग की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, जूट एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल रेशा फसल है, जो मुर्शिदाबाद, हुगुली और नादिया जिलों में उगाई जाती है । यह उद्योग हजारों परिवारों का जीवनयापन करता है, लेकिन वर्तमान में यह कई चुनौतियों का सामना कर रहा है । प्लास्टिक बैग के बढ़ते हुए उपयोग के कारण कई जूट मिलें बंद हो गयी हैं । जूट की कम कीमत मिलने के कारण कई किसान इस फसल को उगाने में संकोच कर रहे हैं । सरकार ने प्लास्टिक की बैग पर प्रतिबंध लगाया है और जूट बैग का इस्तेमाल करने की सिफारिश की है, लेकिन इसका प्रभाव कहीं दिख नहीं रहा है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि जूट मिलों और जूट की खेती को बंद होने से रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया जाए ताकि जूट की खेती करने वाले किसानों को उसका सही मूल्य मिल सके और जूट श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किया जा सके ।?(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) **:** सर, विनेश फोगाट को डिसक्वालिफाई कर दिया गया ?(व्यवधान) उनको किस आधार पर डिसक्वालीफाई किया गया?(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No.

? (*Interruptions*)